## 10 वीं कक्षा अर्धवार्षिक परीक्षा 2023-24
## तृतीय भाषा हिंदी 61-H

**समय : 3 घंटे** **कुल अंक : 80**

================================================================

**I.** निम्नलिखित प्रश्नों के लिए के चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : **8x1=8**

1. इन में से पुल्लिंग शब्द हैं,

A. लेखिका B. माँ C. लेखकी D. कवि

2. इन शब्दों में एकवचन रूप हैं,

A. कहानियाँ B. आँख C. डंडे D. बाते

3. 'अच्छा' शब्द का विलोमार्थक हैं,

A. अच्छाई B. बुरा C. बुराई D. गुण

4. इनमें से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप हैं,

A. करना B. लिखना C. चलाना D. पढ़ना

5. महादेवी वर्मा जी को आधुनिक मीरा कहा जाता है । इस वाक्य में यह वीराम चिह्न है,

A. प्रश्नवाचक B. अल्प विराम C) विस्मयादि बोधक D. पूर्ण विराम

6. 'रमेश' शब्द में यह संधि हैं,

A. दीर्घ B. गुण C. यण D. वृद्धि

7. 'पौ फटना' इस मुहावरे का अर्थ है,

A. रात होना B. दिन निकलना C. प्रभात होना D. सूरज निकलना

8. पेड़ ---- फल गिरा। रिक्त स्थान में निम्न कारक आता है –

A. के B. से C. को D. पर

**II.** निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के संबंध के अनुरुप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : **4x1=4**

9. मेरा बचपन : आत्मकथा :: कश्मीरी सेब : .................

10. जैनुलबदीन :आशियम्मा : : जलालुद्दीन : ................

11. दया : धर्म का मूल :: पाप : .............

12. फेसबुक : वरदान :: हैकिंग : ............

**III.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : **4x1=4**

13. कवि भगवतीचरण वर्मा भारत माता से क्या निवेदन कर रहे हैं ?

14. प्रेमचंद जी को क्या नज़र आया ?

15. किसके हुक्म पर पवन ताप चढ़ता और उतरता है ?

16. इंटरनेट का अर्थ क्या है ?

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए: **8x2=16**

17. मातृभूमि का स्वरुप कैसे सुशोभित है ?

18. 'कश्मीरी सेब' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है ?

19. महादेवी वर्मा जी का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था ?

20. 'प्रकृति पर सवत्र है विजयी पुरुष आसीन' इस पंक्ति का आशय समझाइए ।

21. लेखक को भेजे गये निमंत्रण पत्र में क्या लिखा था ?

22. व्यापार और बैकिंग इंटरनेट से क्या मदद मिलती है ?

23. कलाम जी को जलालुद्दीन ने नई दुनिया बोध कराया । कैसे ?

24. शनि एक सुंदर ग्रह है । कैसे ? वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

शनि एक ठंडा ग्रह है । कैसे ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए: 9x3=27**

25. भारत माँ के प्रकति-सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

26. गाजर के बारें में प्रेमचंद जी ने क्या विचार प्रकट किया है ?

27. गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी की ममता का वर्णन कीजिए ।

28. जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में क्या कहते है?

29. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

30. संचार व सुचना के क्षेत्र में इंटरनेट का क्या महत्व है?

31. लेखक के धूप का चश्मा खो जाने की घटना का वर्णन कीजिए ।

**32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।
तुलसी दया न छाँडिये, जब लग घट में प्राण ॥

33. **निम्नलिखित गध्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :**

आज हम सभी इंटरनेट का उपयोग करते हैं । यह हमारी आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है । सचमुच इंटरनेट एक वरदान है ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए: 2x4=8**

34. बसंत एक ईमानदार लड़का है । कैसे ? वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

राजकिशोर जी के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।

35. **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए:**

मुखिया मुख सों ____________________ ।
______________________ सहित विवेक ॥

**VII. 36. निम्नलिखित गध्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 4x1=4**

सृष्टि का सर्वश्रेष्ट प्राणी मानव है । मानव की जिज्ञासावृति उसे पशुओं से भिन्न करती है । प्रकृति के रहस्यों को खोजने , उन्हें उपयोग में लाकर जीवन को सुखमय बनाने और ज्ञान विस्तार के मूल में उसकी जिज्ञासा ही है । अपनी जिज्ञासा से उसे यह लाभ मिलता है । मानव में एक विशेष गुण और है , वह है सौंदर्यानुभूति मानव सृष्टि के समस्त चराचरों में अपने इसी गुण से अच्छी और खराब वस्तुओं में भेद कर सकता है । अपने इस विवेक से ही मनुष्य ने ललित कलाओं का विकास भी किया है ।

क. मानव पशुओं से कैसे भिन्न है ?

ख. जिज्ञासा से मानव को क्या लाभ है ?

ग. मानव का विशेष गुण क्या है ?

घ. अपने विवेक से मानव क्या कर सका है ?

**VIII. 37. दिए गए बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1x4=4**

**क) जनसंख्या की समस्या**

*अर्थ

*जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम

*नियंत्रण

*उपसंहार

**ख) स्वच्छ भारत अभियान**

* भूमिका

* सफाई का महत्व

* उपसंहार

**ग) इंटरनेट एक वरदान है**

* अर्थ

* उपयोग

* आवश्यकता

* उपसंहार

**IX. 38. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1x5=5**

सकारण देते हुए दो दिनो की छुट्टी के लिए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए :

**अथवा**

अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए माताजी को पत्र लिखिए :

********

## उत्तर कुंजी

I.

1. D. कवि
2. C. डंडे
3. B. बुरा
4. C. चलाना
5. D. पूर्ण विराम
6. B. गुण
7. C. प्रभात होना
8. B. से

II.

9. कहानी
10. जोहरा
11. अभिमान
12. अभिशाप

III.

13. कवि भगवतीचरण वर्मा भारत माता से जग का रूप बदलने कि लिए निवेदन कर रहे हैं ।
14. प्रेमचंद जी को रंगदार गुलाबी सेब सजे हुए नज़र आया ।
15. मानव के हुक्म पर पवन का ताप चढ़ता और उतरता है ।
16. इंटरनेट अनगिनत कंप्यूटर के कई अंतर्जालों का एक दूसरे से संबंध स्थापित करने का जाल है ।

**IV.**

17. *भारत माता के खेत हरे-भरे सुहाने हैं।
*भारत के वन-उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं।
*भारत भूमि के अंदर खनिजो का व्यापक धन भरा हुआ है।
*भारत माता सुख-संपति , धन-धाम को मुक्त हस्त से बाँट रही है।

18. 'कश्मीरी सेब' पाठ से हमें यह सीख मिलती है अगर खरीदारी करते समय सावधानी नहीं बरते तो धोखा खाने की संभावना होती है ।

19. * लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के गिल्लु उनके पैर तक आकर सर्र से पदे पर चढ़ जाता और फिर उसी तेजी से उतरता था।

*उसका यह दौडने का क्रम तब तक चलता, जब तक लेखिका उसे पकड़ने के लिए न उठती।

20. *आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर एक तत्व को अपने नियंत्रण में कर लिया है।
उसने जल, विद्युत, भाप, वायु पर अपना नियंत्रण बना लिया है।

*वह नदी, समुद्र, सागर को एक समान लाँघ सकता है।

*उसका यान आकाश में जा रहा है।

*वह परमाणु प्रयोग भी कर रहा है।

*उसकी बौद्धिक क्षमता असीमित है।

*आज मानव ने प्रकृति के हर एक तत्व को विकृति कर दिया है।

21. *पत्र में लिखा था “हम लोग इस शहर में एक ईमानदार सम्मेलन कर रहे हैं।
*आप देश के प्रसिद्ध ईमानदार हैं।
*हमारी प्रार्थना है कि आप इस सम्मेलन का उद्घाटन करें।
*हम आपको आने- जाने का पहले दर्जे का किराया देंगे तथा आवास भोजन आदि की उत्तम व्यवस्था करेंगे।
22. *इंटरनेट द्वारा हम घर बैठे -बैठे खरीदारी कर सकते हैं।
*कोई भी बिल भर सकते हैं।
*दुकान जाने और लाइन में घंटों खड़े रहने का समय बच सकता है।
*इंटरनेट बैंकिंग द्वारा दुनिया की किसी भी जगह पर चाहे जितने भी रकम भेजी जा सकती है।
23. *उनके पिता अनावश्यक एवं ऐशो- आरामवाली चीज़ों से दूर रहते थे।
*परंतु घर पर सभी आवश्यक चीज़ें समुचित मात्रा में सरलता से उपलब्द थीं।
* इसलिए उनका बचपन बड़ी निश्चिंतता और सादगी में बीता।
24. *शनि को यदि दूरबीन से देखा जाये, तो इस ग्रह के चारो ओर वलय(गोल) दिखाई देते हैं।
*प्रकृति ने शनि ग्रह के गले में खूबसूरत हार डाल दिये हैं।
*शनि के इन वलयों या कंकणों ने इस ग्रह को सौर-मंडल का सबसे सुंदर एवं मनोहर ग्रह बनाया है।

अथवा

*शनि ग्रह सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा करीब दस गुना अधिक दूर है, इसलिए बहुत कम सूर्यताप उस ग्रह तक पहुँचता है - पृथ्वी का मात्र सौवाँ हिस्सा।
*इसलिए शनि के वायुमंडल का तापमान शुन्य के नीचे 150° सेंटीग्रेड के आसपास रहता है।
* शनि एक अत्यन्त ठंडा ग्रह है।

**V.**

25. *भारत माता के खेत हरे-भरे सुहाने हैं।
*भारत के वन-उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं।
*भारत भूमि के अंदर खनिजो का व्यापक धन भरा हुआ है।
*भारत माता सुख-संपति , धन-धाम को मुक्त हस्त से बाँट रही है।
26. *लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू उनके पैर तक आकर सर्र से पदे पर चढ़ जाता था।
*फूलदान के फूलों में, कभी परदे की चुन्नट में, और कभी सोनजुही की पत्तियों में छिप जाता था।
*छिपकर महादेवी वर्मा को चौकाता था।
* दिन भर बाहरी गिलहररियों के साथ उछलता-कूदता और ठीक चार बजे घर आकर अपने झूले में झूलने लगता था।
*लेखिका की थाली के पास बैठकर बड़ी सफाई से खाना खाता था।
*लेखिका खाने बैठती तब लिफ़ाफे के भीतर बैठकर उनका कार्य-कलाप देखा करता था।
27. *जब गिल्लू घायल हुआ था तब वर्मा जी ने घाव को रुई से रक्त पोंछकर पेंसिलिन का मरहम लगाया।
*उसे रहने के लिए एक झूला बनाकर खिड़की से लटका दिया।
*उसे प्यार से गिल्लू के नाम से पुकारा। गिल्लू को खाने के लिए काजू बिस्कुट दिया करती थी।
*थाली में से एकएक– चावल उठाकरसफाई से खाने को सिखाया। अन्य गिलहरियों के साथ खेलने के लिए उसे एक व्यवस्था की।
*गिल्लू के अंतिम दिनों में उसे बचाने की पूरी कोशिश की हीटर जलाकर उसे उष्णता देने का प्रयास किया।
*उसकी मृत्यु के बाद सोनजुही लता के नीचे समाधि बनाई गई।
*इस प्रकार महादेवी वर्मा जी ने गिल्लू के प्रति अपनी ममता को दर्शाया है।

28. *जैनुलाबदीन नमाज की प्रासंगिकता के बारे में कहते हैं- ' जब तुम नमाज़ पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो ; जिसमें दौलत, आयु, जाति या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता ।'

29. *कवि दिनकर जी कहते हैं – आज मनुष्य ने प्रकृति पर विजय प्राप्त कर ली है ।

*मानव को व्योम से पाताल तक सब कुछ ज्ञात है ।

*परंतु स्वयं को नहीं पहचाना, अपने भाईचारे को नही समझा ।

*मानव की सही पहचान वह है जो मानव-मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधता है,

*जो मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोडकर आपस की दूरी को मिटाता है, वही मानव कहलाने का अधिकारी होगा ।

*जो मनुष्य बुद्धि को चैतन्य हृदय से जीतता है ।

*आपसी भाईचारा,पारस्परिक प्रेम, सहमनुष्य के साथ स्नेह से रहना ही मानव का सही परिचय है ।

30. *इंटरनेट द्वारा पल भर में बिना ज्यादा खर्च किए कोई भी विचार हो, स्थिर चित्र हो, वीडियो चित्र हो दुनिया के किसी भी कोने में भेजना मुमकिन हो गया है ।

*चाहो तो पूरे एक पुस्तकालय की किताबों के विषय को कम समय में कहीं भी भेज सकते है ।

*इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है ।

*शायद इसके बिना संचार और सूचना दोनों ही क्षेत्र ठप पड़ जाते हैं ।

31. *सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है । जिसने दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर ला खड़ा कर दिया है ।

*सोशल नेटवर्किंग के कई साइट्स हैं, जैसे- फेसबुक, ऑरकुट, ट्विटर, लिंकडइन आदि ।

*इन साइटों के कारण देश विदेश के लोगों की रहन- सहन, वेश-भूषा, खान-पान के अलावा संस्कृति, कला आदि का प्रभाव शीघ्रातिशीघ्र हमारे समाज पर पड़ रहा है ।

32. *प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास ने स्पष्टतः बताया है कि दया धर्म का मूल है और अभिमान पाप का ।

*इसलिए कवि कहते हैं कि जब तक शरीर में प्राण हैं , तब तक मानव को अपना अभिमान छोड़कर दयालु बने रहना चाहिए ।

33.

ಇಂದು ನಾವೆಲ್ಲರೂ ಇಂಟರ್ನೆಟ್ ಬಳಸುತ್ತೇವೆ. ಇದು ನಮ್ಮ ಆಧುನಿಕ ಜೀವನಶೈಲಿಯ ಪ್ರಮುಖ ಭಾಗವಾಗಿದೆ. ಇಂಟರ್ನೆಟ್ ನಿಜವಾಗಿಯೂ ಒಂದು ವರವಾಗಿದೆ.

Today we all use the internet. It has become an important part of our modern lifestyle. Internet is truly a boon.

34.*बसंत ईमानदार और स्वाभीमानी लड़का हैं ।

*वह मेहनत से पैसे कमाना चाहता था ।

*इस कारण से वह बाज़ार में चीज़ें बेचता है ।

*पं. राजकिशोर बसंत को दो पैसे दिए तो, बसंत पैसे लेने से इनकार करता है क्योंकि वह उसे भीख समझता है, वह भीख लेना नही चाहता है ।

*मोटर दुर्घटना में उसकी पैर की हड्डी टूटने पर भी वह अपने भाई प्रताप को पं. राजकिशोर के घर उनके छुट्टे पैसे देने भेजता है ।

अथवा

*पं. राजकिशोर मजदूरों के नेता थे।
*गरीबों के प्रति हमदर्दी दिखाते है और उनके साथ आदर से व्यवहार करते हैं।
*इसी कारण वे गरीब बसंत के पास छलनी खरीदा उसके भरोसे पर ही एक नोट उसके हाथ में दिया था।
*प्रताप द्वारा मोटर दुर्घटना का विषय पता चलते ही वे सीधे अहीर टिले में रहनेवाले बसंत के घर जाते है।
*वहाँ डाक्टर को भी बुलवाते है और उनसे बसंत की पैर की जाँच कराते हैं।

35. मुखिया मुख सो चाहिए, खान पान को एक।
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

36.
क. मानव पशुओं से जिज्ञासावृति भिन्न है।
ख. जिज्ञासा से मानव को प्रकृति के रहस्यों को खोजने , उन्हें उपयोग में लाकर जीवन को सुखमय बनाने और ज्ञान विस्तार के मूल में उसकी जिज्ञासा से लाभ है।
ग. मानव का विशेष गुण सौंदर्यानुभूति है।
घ. अपने विवेक से मानव ललित कलाओं का विकास कर सका है।

37.

| | |
|---|---|
| * प्रस्तावना | 1 |
| * विषय विस्तार | 2 |
| * उपसंहार | 1 |

38.

| | | |
|---|---|---|
| **व्यहारिक पत्र** | : | |
| प्रेषक का पता | : | ½ |
| पत्र पानेवाले का पता | : | ½ |
| विषय | : | ½ |
| संबोधन | : | ½ |
| पत्र का कलेवर | : | 2 ½ |
| समात्पि | : | ½ |

अथवा

| | | |
|---|---|---|
| **पारिवारिक पत्र** | : | |
| प्रेषक का पता और दिनांक | : | ½ |
| संबोधन और अभिवादन | : | 1 |
| पत्र का कलेवर | : | 2 ½ |
| समात्पि | : | ½ |
| पत्र पानेवाले का नाम | : | ½ |

*******